दैनिक भास्कर

देश का नंबर 1 अखबार

सच्ची बात, बेधड़क

हिसार, हरियाणा, मंगलवार 24 मार्च, 2026 चैत्र, शुक्ल पक्ष-षष्ठी, 2083

कार्यशाला • लार्ड शिवा कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फार्मा इनोवेशन-2026 कार्यक्रम

फार्मेस्यूटिकल इंडस्ट्री व फार्मेसी संस्थानों का एक-दूसरे के साथ समन्वय स्थापित करना है उद्देश्य: जशुभाई

भास्कर न्यूज | सिरसा



सिरसा। लार्ड शिवा कॉलेज में आयोजित फार्मा एन्वेशन में पहुंचे देशभर से वक्तागण।

लार्ड शिवा कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) नई दिल्ली के तत्वावधान में प्रो. एमएल शैरोफ की 124वीं जयंती के अवसर पर "फार्मा इनोवेशन-2026" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आए प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा अपने-अपने रिसर्च पेपर और पोस्टर प्रजेंटेशन प्रस्तुत कर शोध की नई दिशा दिखाई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीसीआई के उपाध्यक्ष जशुभाई हीराभाई चौधरी ने कहा कि देशभर में इस तरह के 25 फार्मा इनोवेशन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री और फार्मेसी संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। इससे विद्यार्थियों को नई तकनीकों को सीखने और अपने इनोवेटिव आइडिया प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है, जिससे रोजगार के नए रास्ते खुलते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पीसीआई की कार्यकारी परिषद के सदस्य एवं पंजाब फार्मेसी काउंसिल के चेयरमैन सुशील कुमार बंसल ने की। उन्होंने कहा कि प्राध्यापकों और विद्यार्थियों को ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए, ताकि वे फार्मेसी क्षेत्र में हो रहे नवीनतम बदलावों से अवगत रह सकें। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एमडीयू के फार्मेसी विभाग के डीन प्रो. हरीश दुरेजा, दिल्ली फार्मास्यूटिकल साइंस एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी के डीन प्रो. प्रबोध चंद्र शर्मा तथा निक्सी लैबोरेट्री के टेक्निकल डायरेक्टर डॉ. गुरुदेव सिंह रैना ने अपने विचार साझा किए। संस्थान के महानिदेशक देश कमल बिश्नोई, महासचिव सोमप्रकाश एडवोकेट, प्राचार्य प्रो. जितेंद्र सिंह और आयोजन सचिव डॉ. जगतार सिंह चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. जगतार सिंह ने प्रो. एमएल शैरोफ के जीवन और फार्मेसी शिक्षा में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

दैनिक जागरण

हिसार, मंगलवार
24 मार्च, 2026
हरियाणा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 12+4=16
www.jagran.com

हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

भारत मुख्य बाजार लेकिन वैश्विक होता जा रहा है क्रिकेट 8

संकट टाल रहा देश 1

चिंता, चुनौती और चतुराई से उ

लार्ड शिवा कालेज आफ फार्मेसी में कार्यक्रम, नई तकनीक पर जोर

जागरण संवाददाता • सिरसा : लार्ड शिवा कालेज आफ फार्मेसी में फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा प्रो. एमएल शैरौफ फादर आफ फार्मेसी एजुकेशन इन इंडिया की 124वीं जयंती पर फार्मा एन्वेशन 2026 कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया व अपने रिसर्च पेपर एवं पोस्टर प्रजेंटेशन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्यातिथि फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया के उपाध्यक्ष जशुभाई हीराभाई चौधरी थे एवं अध्यक्षता फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया की कार्यकारी परिषद के सदस्य सुशील कुमार बंसल ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया के सदस्य दिनेश मदान, सोहन लाल कांसल, गोपाल कृष्ण शर्मा, सुशील सुडान, सुरेन्द्र मोहन, लद्दाख फार्मेसी काउंसिल के पूर्व रजिस्ट्रार मोहम्मद बसीर, हरियाणा फार्मेसी काउंसिल के उपाध्यक्ष टीपू पोरिया एवं मेम्बर रविन्द्र चोपड़ा उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर एमडीयू के फार्मेसी विभाग के डीन प्रो. हरीश दुरेजा, दिल्ली फार्मास्यूटिकल साइंस एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी के डीन एकेडमिक प्रो. प्रबोध चंद्र शर्मा, निक्सी लेबोरेट्री के टेक्निकल डायरेक्टर व ग्लोबल रेगुलेटरी अफेयर डा. गुरुदेव सिंह रैना मौजूद थे। मुख्यातिथि जशुभाई हीराभाई चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे भारत में इस प्रकार के 25 फार्मा अन्वेशन किए जा रहे हैं और इन कार्यक्रमों को करने का उद्देश्य फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री व फार्मेसी संस्थानों का एक-दूसरे के साथ समन्वय स्थापित करना है ताकि रोजगार के अवसर बढ़ सकें और विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में नई-नई तकनीक सीखने का अवसर मिलता रहे। संस्था के महानिदेशक देश कमल बिश्नोई ने कहा कि नई तकनीकों का उपयोग कर आम आदमी तक सस्ते दामों पर दवाइयां उपलब्ध करवाई जा सकें।